हरिभूमि
रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

# 372 विकास घोषणाओं में से 198 पूरी, 85 पर चल रहा काम


## डीसी ने कहा आगामी माह तक शुरू कराएं सीएम अनाउंसमेंट के लंबित कार्य, समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

**सीएम घोषित विकास योजनाओं की मौजूदा स्थिति को अधिकारी अपडेट कराएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मार्च माह के अंत तक जिले में मुख्यमंत्री की ओर से की गई घोषणाओं में जो लंबित विकास कार्य हैं, उन सभी का काम शुरू हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएम घोषित विकास योजनाओं की मौजूदा स्थिति को अधिकारी अपडेट कराएं।

डीसी अभिषेक मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में मुख्यमंत्री की ओर से जिले में की गई विकास घोषणाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री की ओर से 372 विकास घोषणाएं की गई हैं, इनमें से 198 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं। जिला में अभी मुख्यमंत्री की ओर से घोषित 85 विकास योजनाओं पर काम चल रहा है और 83 शुरूआती चरण में आना बाकी है, जिनकी समीक्षा की जा रही है। जो घोषणाएं अभी लंबित हैं, उनमें एक बड़ी योजना शहर के सीवरेज सिस्टम की है। नई सीवरेज लाइनों के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा रहा है, इस पर करीब 150 करोड़ की राशि खर्च होगी।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

### डीसी के निर्देश: सीवरेज, जलघर, पीएचसी व लाइब्रेरी कार्य तेज

डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को शहर की सीवरेज लाइनों का काम जल्दी शुरू कराने के निर्देश दिए, ताकि बारिश से पहले जल निकासी की उचित व्यवस्था हो सके। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. नसीब सिंह ने बताया कि कनोरी में वेटरनिरी डिस्पेंसरी का निर्माण होगा, जिस पर 32.58 लाख की राशि खर्च होगी। यह कार्य शीघ्र आरंभ हो जाएगा। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अशोक यादव ने बताया कि गांव मोतला कला में 6 करोड़ 63 लाख की लागत से जलघर का निर्माण कराया जाएगा। इसकी निविदा आवंटित कर दी गई है। इसी प्रकार गांव डूंगरवास में पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन तथा गांव गोपालपुरा में जलघर व पाइप लाइन बिछाने का काम कराया जाएगा। डीसी मीणा ने बताया कि धारूहेड़ा में पीएचसी का निर्माण कराने के लिए तीन एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जिसके लिए भूमि का निर्धारण नहीं हुआ, इस काम को जल्दी कराया जाए। उन्होंने डीआरओ को निर्देश दिए कि धारूहेड़ा में राजस्व विभाग की जमीन पर कोई नाजायज कब्जा है तो नोटिस जारी कर उनको हटवाया जाए। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सतेंद्र श्योराण ने बताया कि जिला पुस्तकालय के लिए जेल के समीप भूमि चिन्हित कर ली गई है। जल्दी ही वहां उच्चतर शिक्षा विभाग के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार, बावल के एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश जितेंद्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी एचपी बंसल, रोडवेज जीएम निरंजन शर्मा, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विकास कटारिया व एसडीओ इंद्रजीत सिंह मौजूद थे।








राजा राव तुलाराम





राव बिरेन्द्र सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री
हरियाणा सरकार

आप जियो हजारों साल
साल के दिन
हो पचास हजार

माननीय

# राव इन्द्रजीत सिंह

केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें





## आरती सिंह राव

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और आयुष मंत्री हरियाणा सरकार

## राव इंद्रजीत सिंह : बेमिसाल-75 साल

वर्ष 1977 में जाटूसाना हलके से पहली बार विधायक बने राव इंद्रजीत सिंह ने राजनीति में कदम रखने के बाद बुलंदियों को छुआ। इलाके की जनता के प्यार और सहयोग ने उन्हें लगातार ताकत प्रदान की, तो राव ने भी इलाके में विकास के नए आयाम स्थापित करने में कोई कसर नही छोड़ी। दक्षिणी हरियाणा में एम्स को सिर्फ एक परिकल्पना माना जाता था, परंतु राव इंद्रजीत सिंह ने इलाके को एम्स के रूप में इस परिकल्पना को मूर्त दिलाकर इलाके को बड़ी सौगात दिलाने का काम किया। कई अन्य बड़ी परियोजनाएं दक्षिणी हरियाणा में लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजनीति के लंबे कैरियर में इस 'दमदार' नेता ने कभी अपने वसूलों से समझौता नही किया। आज बेदाग छवि के इस कद्दावर नेता की प्रदेश से लेकर देश तक में मिसाल दी जाती है। उनके दामन पर कभी किसी तरह का दाग नही लगा। मेरी कामना है कि उनकी दीर्घायु हो और वह इसी तरह इलाकों के हितों के लिए देश की सर्वोच्च पंचायत में एक मजबूत वकील की तरह पैरवी करते रहें। राव इंद्रजीत सिंह की दीर्घायु और सुखद जीवन की कामना के साथ :

- अनिल रायपुर, प्रमुख समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता



## अनिल रायपुर

प्रमुख समाजसेवी





**मनोज यादव टीट**
जिला प्रमुख रेवाड़ी



**नीलम अनिल रायपुर**
जिला उप-प्रमुख रेवाड़ी



**छत्रपाल उर्फ टिंकू**
ब्लाक समिति चेयरमैन, बावल

**खबर संक्षेप**

## सरपंच पर हमले के मामले में नाबालिग अभिरक्षा में

**रेवाड़ी।** जाटूसाना थाना पुलिस ने गांव चौकी नंबर-2 के सरपंच पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले नाबालिग आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। गत 5 फरवरी को गांव चौकी नंबर-2 निवासी भूपेंद्र ने अपनी शिकायत में बताया था कि सुबह करीब 7 बजे उसका भाई संदीप सरपंच खेतों की तरफ घूमने के लिए गया था। रास्ते में एक किशोर ने उसका रास्ता रोक लिया और अचानक पीछे से कुल्हाड़ी से 3-4 वार कर दिए। हमले में संदीप गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश होकर जमीन गया था। गिरने के बाद भी आरोपी ने उस पर कुल्हाड़ी से वार किए। राहगीरों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद गांव के लोगों की मदद से घायल सरपंच को रेवाड़ी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है।

## फोटो व वीडियो पोस्ट करने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक महिला के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील रूप से एडिट की गई फोटो व वीडियो पोस्ट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव धीरधोका निवासी राजेश कुमार के रूप में हुई है। गत 10 जनवरी को जिले की रहने वाली एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर अपनी एक आईडी बनाई हुई है, जिस पर वह अपनी रील वीडियो पोस्ट करती थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना ली और उस पर उनकी वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो व वीडियो पोस्ट करने लगा। महिला ने आरोप लगाया था कि उक्त व्यक्ति अलग-अलग आईडी से उसे निजी मैसेज भेजता था और उसकी आईडी पर आपत्तिजनक व अश्लील कमेंट करता था।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर राजकीय बाल विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

# साइबर अपराधों से बचने के लिए डिजिटल साक्षरता जरूरी

***एआई के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध व डिजिटल साक्षरता की दी जानकारी***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मंगलवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्मार्ट तकनीक, सुरक्षित विकल्प, एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की जानकारी दी गई। एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सचिन ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस प्रतिवर्ष फरवरी के दूसरे सप्ताह में इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र भारत सरकार द्वारा मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है। साइबर अपराधों से बचने के लिए डिजिटल साक्षरता और सुरक्षा उपायों को अपनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम सभी किसी न किसी रूप में इंटरनेट सेवाओं से जुड़े हुए है, ऐसे में हमें पूरी सजगता और जिम्मेवारी से इंटरनेट का इस्तेमाल करना चाहिए।



**रेवाड़ी।** कार्यक्रम में मौजूद एनआईसी के अधिकारी व विद्यार्थी।।

### साइबर जागरूकता पर जोर, लोगों से सुरक्षित डिजिटल लेन-देन की अपील

अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुनील ने कहा कि साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, घोटाले तथा डिजिटल फुटप्रिंट और व्यक्तिगत गोपनीयता के प्रति हर नागरिक सचेत रहे और इसके बारे में अपने परिवार व मित्रों को भी जागरूक करे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने अकाउंट को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। डिजिटल लेन-देन और यूपीआई से जुड़ी सेवाओं और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के दौरान सिर्फ आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म का ही उपयोग करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने फेक वेबसाइट्स की पहचान करने के लिए एंटी-फिशिंग टूल्स का उपयोग करने की सलाह दी। फर्जी वेबसाइट्स के बचाव के लिए लॉगइन आइकॉन देखने और सुरक्षित रहने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल ऐप डाउनलोड करते समय हमेशा आधिकारिक एप स्टोर का उपयोग करें, अनजान स्रोतों से डाउनलोड किए गए एप्स में मालवेयर हो सकता है। पुलिस विभाग की साइबर ब्रांच के एएसआई इकबाल ने साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध होने की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर रिपोर्ट की जा सकती है। उन्होंने कहा कि साइबर जागरूकता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा हथियार है। सीएससी संचालकों की ओर से ग्रामीण स्तर पर साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश वर्मा, एएसआई अनिल कुमार व सीएसई जिला प्रबंधक जगदीप सहित विद्यालय के विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

## रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए चला सर्च अभियान

**बावल।** जिला पुलिस व स्वैत टीम ने मंगलवार को थाना कसोला व बावल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर लोगों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों के पहचान पत्र व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिले में जो भी लोग बाहर से आकर रह रहे हैं, उनकी पहचान होना अत्यंत आवश्यक है। सुरक्षा की दृष्टि से यह कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवा लें, कोई अपराधी या क्रिमिनल हो हो सकता है। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


**रेवाड़ी।** लोगों की आईडी चैक करती पुलिस।

## अभियानः ड्रिंक एंड ड्राइव व लेन चेंज नियमों की अवहेलना पर 1079 चालकों के काटे चालान


**रेवाड़ी।** वाहन चालकों में शराब की मात्रा चैक करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से गत सप्ताह ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहनों में तेज डीजे/प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने तथा बुलेट बाइक में पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की। गत सप्ताह के दौरान पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत 26 वाहन चालकों के चालान किए। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वे अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे/प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट बाइक में पटाखा छोड़ने वाले 4 वाहन चालकों पर भी शिकंजा कसा। इसके साथ ही पुलिस ने गत सप्ताह में लेन चेंज से संबंधित नियमों की अवहेलना पर 1049 वाहन चालकों के चालान किए।

### सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें। पुलिस सुरक्षित, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यरत है। ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

## सेना मेडल मिलने पर पैरा कमांडो सचिन का कुंडल में हुआ स्वागत, तिरंगा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

भारतीय सेना की पैरा स्पेशल फोर्सेस के जवान सचिन चौहान के पैतृक गांव कुंडल पहुंचने पर क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के विरुद्ध अदम्य साहस का परिचय देते हुए सेना मेडल प्राप्त करने वाले सचिन चौहान का ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में बावल के पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. बनवारी लाल उपस्थित थे। युवाओं ने गांव की सीमा से लेकर सचिन के घर तक तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान भारत माता के जयकारों से पूरा आसमान गुंजायमान रहा। डा. बनवारी लाल ने सचिन चौहान को पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सचिन ने अपनी जान की परवाह न करते हुए दुश्मनों के छक्के छुड़ाए हैं। अहीरवाल की यह धरती वीरों की जननी है और सचिन जैसे युवा हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ग्रामीणों ने कहा कि सचिन ने कठिन परिस्थितियों में आतंकवादियों को ढेर कर न केवल अपने गांव, बल्कि पूरे हरियाणा प्रदेश का मान बढ़ाया है। सचिन चौहान ने कश्मीर घाटी में एक जटिल ऑपरेशन के दौरान आमने-सामने की मुठभेड़ में आतंकवादियों को मार गिराया था। उनकी इसी सूझबूझ और बहादुरी के लिए भारत सरकार और सेना की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर गांव के सरपंच, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य और अनेक ग्रामीण मौजूद थे।


**रेवाड़ी।** सचिन चौहान का सम्मान करते पूर्व मंत्री व ग्रामीण।





# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।

## लाइफ Style



# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

## हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

## टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

### *इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं*

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले इलाकों का किया निरीक्षण

# अपराधों की रोकथाम के लिए सड़कों पर उतरी पुलिस, लोगों को कराया सुरक्षा का अहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शहर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए जिला पुलिस की ओर से पैदल गश्त करके क्षेत्र का जायजा लिया गया। एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर एसएचओ बावल इंस्पेक्टर संजय कुमार, कसोला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश कुमार, धारूहेड़ा थाना इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह, मॉडल टाउन थाना इंस्पेक्टर रतनलाल, चौकी इंचार्ज कुंड एसआई योगश कुमार, चौकी इंचार्ज जगन गेट एसआई संदीप कुमार, चौकी इंचार्ज डहीना एसआई रजनीश कुमार, चौकी इंचार्ज गोकल गेट एएसआई नरेश कुमार व गोकल गेट चौकी से एएसआई विनोद कुमार ने अपनी-अपनी टीमों के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस टीम ने मार्केट में संदिग्ध व्यक्तियों, शराब के ठेकों के आसपास संदिग्ध हलचल तथा बिना नंबर प्लेट के वाहनों की जांच की। पुलिस टीम ने शराब ठेकेदारों को निर्देश दिए कि किसी को भी अवैध रूप से बैठाकर या ठेके के आसपास शराब न पिलाई जाए।




रेवाड़ी। बाजार में पैदल गश्त करते हुए पुलिस टीम। दुकानदारों व नागरिकों से बातचीत करते हुए पुलिस।

### पुलिस गश्त तेज, सुरक्षा, संवाद और नियम पालन पर सख्ती

नियमों की अनदेखी करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीमों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया। गश्त के दौरान थाना प्रभारियों के साथ राइडर, पीसीआर व ईआरवी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी मौजूद थे। उन्होंने क्षेत्र के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने दुकानदारों, व्यापारियों और युवाओं से सीधा संवाद किया और पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा है। पुलिस का निरंतर प्रयास है कि अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ आमजन का पुलिस पर विश्वास भी सुदृढ़ हो। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दें।

# कैंसर हमेशा लाइलाज नहीं होता समय पर चिकित्सक के पास पहुंचे

## चिकित्सक बोले, कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों को कभी भी नजरअंदाज न करें

*समय पर जाच कराएं और योग्य चिकित्सक से उचित उपचार लें*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से कैंसर जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को कैंसर की रोकथाम, समय पर पहचान, जांच तथा उचित उपचार की जानकारी देना रहा ताकि इस गंभीर बीमारी से होने वाली जनहानि को समय रहते रोका जा सकें। कार्यक्रम का संचालन आईएमए अध्यक्ष डा. नीरज यादव, सचिव डा. पूजा अनेजा, कोषाध्यक्ष डा. मीनाक्षी तथा आयोजन सचिव डा. कृतिका पांडेय के नेतृत्व में हुआ। मंच संचालन डा. कृतिका पांडे ने किया। कार्यक्रम को मॉडरेट डा. शिव रतन यादव तथा डा. नीरज यादव ने कि कहा कि कैंसर हमेशा लाइलाज नहीं होता। कैंसर अचानक नहीं होता और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कैंसर पहले संकेत देता है। उन्होंने कहा कि कैंसर के विरुद्ध यह संघर्ष किसी एक चिकित्सक या किसी एक चिकित्सा शाखा का नहीं है, बल्कि यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। लोग डरें नहीं, जांच कराएं, छिपाएं नहीं और समय पर चिकित्सक के पास पहुंचे।



रेवाड़ी। कैंसर जागरूकता सम्मेलन में मौजूद डॉक्टर।

### कैंसर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला

कैंसर से बड़ी बीमारी डर है और उससे भी बड़ी दवा जागरूकता है। इस मौके पर आंतरिक रोग विशेषज्ञों के रूप में डा. शिवरतन यादव, डा. एसपी यादव एवं डा. पवन गोयल ने भी अपने विचार साझा किए। फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डा. राजीव एवं डा. अजीत यादव तथा ईएनटी रोग विशेषज्ञ डा. आदेश सक्सेना ने कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारिया दीं। कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञ डा. एनएस कलावती, डॉ. विवेक जैन व डॉ. संजीव अरोड़ा, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका यादव, रोग परीक्षण विभाग से डॉ. गजेंद्र यादव, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी सिंगला, डॉ. आरबी यादव तथा शल्य चिकित्सक डॉ. करतार यादव व डॉ. संजय अग्रवाल ने भी कैंसर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। चिकित्सकों ने कहा कि कैंसर के अनेक प्रकार प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने पर पूर्णतः ठीक किए जा सकते हैं।



रेवाड़ी। कार्यशाला में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

# अहीर कॉलेज में रिपोर्ट लेखन पर एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अहीर कॉलेज में मंगलवार को अंग्रेजी विभाग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल तथा इंटर्नशिप सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डा. उर्मिला शर्मा ने किया। डा. शर्मा ने कहा कि इंटर्नशिप प्रोग्राम में रिपोर्ट लेखन अपना विशेष महत्व रखता है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को रिपोर्ट लेखन विषय पर विस्तार से समझाया गया। इस मौके पर डा. अपर्णा यादव ने शोध के प्रकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करते हुए अच्छा शोध कर सकते हैं। एक अच्छे शोधकर्ता को अपने दायित्व का बखूबी निर्वहन करना चाहिए। शोधकर्ता का मुख्य उद्देश्य बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देना होना चाहिए। डा. कविता ने टर्निटीन आदि टूल के विषय में बताया, जिसका उपयोग अकेडमिक लेखन की मौलिकता की जांच के लिए किया जाता है।

### ये रहे मौजूद

डॉ. कविता ने बताया कि एनईपी में इंटर्नशिप प्रोग्राम में विद्यार्थियों को एक महीने की ट्रेनिंग के दौरान रिपोर्ट लेखन कार्य करना होता है और यह रिपोर्ट लेखन मौलिक हो सकता है। कार्यशाला में डॉ. संगीता राव इंटर्नशिप निदेशक, मीनाक्षी गोयल अध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डॉ. रजनी देवी अंग्रेजी विभाग, डॉ. कविता यादव प्रभारी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल, डाम. अपर्णा यादव व डा. दीपक यादव उपस्थित थे।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्कूल स्टाफ।

# राव खेमचंद विद्या विहार के तीन छात्रों का मिलिट्री स्कूल में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

बोहतवास अहीर राव खेमचंद विद्या विहार के तीन होनहार छात्रों ने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में शामिल राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल यानि आरएमएस की प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा में रेवाड़ी निवासी देवांश का कक्षा छठी तथा हर्ष यादव निवासी रेवाड़ी व वंश सुलतानिया निवासी बोहतवास अहीर का कक्षा 9वीं में चयन हुआ है। विद्यालय के चेयरमैन देवेन्द्र कुमार ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने छात्रों, अभिभावकों एवं स्टाफ को इस उपलब्धि की बधाई दी। तीनों छात्रों को स्कूल में सम्मानित किया गया। इस मौके पर ओपी यादव काउंसलर, मुख्यध्यापिका प्रतिमा पारीक, कोचिंग हैड सुधीर कुमार, मोहित कविया, कोऑर्डिनेटर पूनम व नीलम सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।





रेवाड़ी। हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक में मौजूद अतिथि व आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## खामियों को जल्द दूर करने के दिए निर्देश

# पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा व अनुशासन के साथ कार्य करे प्रत्येक पुलिस कर्मी: एसपी

### हेमेन्द्र कुमार मीणा ने मॉडल टाउन थाने का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाने का निरीक्षण करते एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो : हरिभूमि

एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने मंगलवार को माडल टाउन थाने का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने थाने की मेस, बैरक, कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, हवालात व थाना परिसर का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना के रिकार्ड के रजिस्टर व फाइलों को चैक कर उनकी स्थिति का जायजा लिया और खामियों को जल्द दूर करने के निर्देश दिए। एसपी ने थाना परिसर में साफ सफाई एवं रखरखाव के भी निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण, मॉडल टाउन थाना प्रभारी रतनलाल, मुंशी, मालखाना मोहरर व सभी अनुसंधान अधिकारी उपस्थित थे। एसपी मीणा ने थाने में दर्ज मुकदमों में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर, लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर में पेंडिंग मदों एवं वाहनों के निस्तारण की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। कोई भी आपराधिक घटना घटित होने पर तुरंत घटनास्थल पर पहुचें। निरंतर गश्त कर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चेकिंग करें तथा अपराध पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास करें। लापरवाही बरतने वाले एवं भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

#### पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास करें

एसपी ने कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता के साथ लेकर, पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास करें। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रथम कर्तव्य जनता की सुरक्षा और सहायता है। इसलिए प्रत्येक पुलिस कर्मी को पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा तथा अनुशासन के साथ कार्य करना चाहिए।

#### मुकदमे की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखे

एसपी ने कहा कि आमजन के साथ अच्छा तालमेल बनाकर शरारती एवं आपराधिक किस्म के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाए। पीओ, बेल जम्पर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। थाने में दर्ज किसी भी मुकदमे की जांच बेवजह लंबे समय तक पेंडिंग न रखे।

# बेरली कलां में सर्व समाज हिंदू सम्मेलन 16 को, रविंद्र आशावादी को बनाया संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बाबा बस्तीराम मंदिर बेरली कलां में सर्व समाज हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर मंडल के गांव हालुहेडा, बिहारीपुर,बेरली खुर्द, मूसेपुर व बेरली कलां की बैठक राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर 16 फरवरी को बाबा बस्ती राम मंदिर के पास सर्व समाज हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाऐगा।

प्राचार्य डा. लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में अमर शहीदों के परिवारों का सम्मान, गांवों में सबसे बुजुर्ग महिला व पुरुष का सम्मान तथा पाचों गांवों से 5-5 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। समाजसेवी डा. रमेश यादव पूर्व किसान आयोग के चेयरमैन व वाइस चांसलर बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक ने कहा कि परिवार संस्कारवान बने, सामाजिक समरसता, पर्यावरण बचाओ, पानी बचाओ, पेड़ लगाओ एवं प्लास्टिक का प्रयोग न करें, स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें व राष्ट्र के अच्छे नागरिक बने। इस मौके पर प्रवीण यादव चेयरपर्सन प्रतिनिधि ब्लॉक जाटूसाना, मास्टर नरेश चौहान, धर्मेन्द्र यादव प्रधान बाबा बस्ती राम मंदिर कमेटी व टेक चन्द शर्मा ने भी सम्मेलन को लेकर अपने विचार रखें।

#### इन लोगों को दी गई आयोजन की जिम्मेदारी

हिंदू सम्मेलन को लेकर रविंद्र आशावादी मूसेपुरिया को आयोजन समिति का संयोजक बनाया गया। अतर सिंह यादव बेरली कलां को सह संयोजक,रणसिंह थानेदार मूसेपुर सह संयोजक, टोनी शर्मा पुजारी बेरली खुर्द सहसंयोजक,जोगिंदर यादव हालुहेडा सहसंयोजक, जय सिंह बिहारीपुर सहसंयोजक व पंडित दुलीचंद शर्मा को कैशियर की जिम्मेदारी दी गई। संयोजक रविन्द्र आशावादी ने बताया 15 फरवरी को सर्व समाज हिंदू सम्मेलन राष्ट्र एकता मोटर साइकिल संदेश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पंडित केदारमल, रमेश चन्द्र सरपंच मूसेपुर, सूबेदार हरिसिंह, नरेश यादव, हेडमास्टर सुशील यादव, मास्टर चरण सिंह,राधेश्याम,रविन्द्र सिंह बैंक डारेक्टर,अभय सिंह,रामकिशन यादव, ओमकार, मुकेश यादव, रणजीत सिंह, निहाल सिंह व राजेन्द्र सिंह मौजूद थे।

### संत कृपाल सिंह महाराज के 132वें प्रकाश पर्व पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन



रेवाड़ी। सावन कृपाल रूहानी मिशन की दिल्ली रोड स्थित शाखा राजिंदर आश्रम में साध-संगत की ओरे से संत कृपाल सिंह महाराज का 132वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने प्रस्तुति देकर संगत को आध्यात्मिकता से रूबरू कराया। महापुरुषों की वाणी के माध्यम से संगत को अध्यात्मिक संदेश दिया गया और बताया कि कलयुग के समय में हमें सनातन से सनातन व पुरातन से पुरातन आध्यात्मिक शिक्षा संत महापुरुषों की शरण में जाकर मिल सकती है। संत कृपाल सिंह हमेशा संदेश देते थे कि जो एक इंसान कर सकता है वो हम सब भी कर सकते हैं अर्थात हम सबको परम पिता परमात्मा से अपनी आत्मा का मिलन कराने के लिए किसी पूर्ण संत की शरण में जाना चाहिए। इस मौके पर लंगर का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रधान कृष्ण गोपाल यादव, उप प्रधान काशीराम, सचिव पुरूषोत्तम शर्मा, खजांची सुभद्रा यादव, सदस्य कुलवंत यादव, मामन सिंह सैनी, लाल सिंह सरपंच फिदेडी, खुशीराम बोलनी, सर्वसुख यादव, निर्मल सैनी, प्रवीना शर्मा, शालिनी सैनी, अमन सैनी, नवल सैनी, कुलदीप सैनी, साहिल सैनी, प्रेरणा, उपासना, सोनाली, नरेश शर्मा व सोनू बोलनी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने मनाई राजा कौशल सिंह की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली




रेवाड़ी। कोसली गांव में राजा कौशल सिंह की जयंती पर मौजूद गणमान्य लोग।

कोसली के बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ व ग्रामीण उत्थान संगठन की ओर से कोसली के संस्थापक राजा कौशल सिंह की 861वीं जयंती मंगलवार को गांव के तिकोना पार्क में मनाई गई। इस अवसर पर कोसली व आसपास के गांवों के कोसलिया गोत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे। लोगों ने राजा कौशल सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तिकोना पार्क क्षेत्र को राजा कौशल सिंह चौक का नाम दिया गया है। कोसली क्षेत्र के लोगों ने देश सेवा में हमेशा आगे बढ़कर हिस्सा लिया है। यहां स्थित बाबा मुक्तेश्वरपुरी मठ आसपास के 40 गांवों की आस्था का केंद्र है। 1200 ईस्वी के आसपास यहां के जंगल में तप कर रहे बाबा मुक्तेश्वरपुरी महाराज ने ही राजा कौशल सिंह को कोसली गांव बसाने की प्रेरणा दी थी।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरकुमार यादव व मेजर डा. टीसी राव ने कहा कि राजा कौशल सिंह की ओर से बसाए गए कोसली गांव के लोग आज देश के हर कोने में अपनी प्रतिभा व शौर्य से कोसली का परचम लहरा रहे हैं। बाबा मुक्तेश्वरपुरी के आशीर्वाद तथा राजा कौशल सिंह के प्रताप के कारण ही आज कोसली को वीरों की भूमि कहा जाता है। मेजर डा टीसी राव ने बताया कि राजा कौशल सिंह की अष्टधातु की भव्य प्रतिमा निमार्णाधीन है तथा इसके दो माह में तैयार होने की संभावना है। कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन रामफल यादव ने किया। इस अवसर पर कैप्टन सुभाष यादव एडवोकेट, हेडमास्टर सज्जन सिंह, कैप्टन चांद सिंह, संजय यादव एडवोकेट, ओमप्रकाश डाबला, रामफल कोसलिया, राकेश लांबा, प्राचार्य दुलीचंद, सूबेदार महेंद्र सिंह, विजय आजाद चैयरमैन,शीला देवी, शारदा पंच व नरेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



रेवाड़ी। स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को स्वरोजगार एवं सूक्ष्म उद्योग की जानकारी देते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### पीएमएफएमई एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता शिविर का आयोजन

रेवाड़ी। सूक्ष्म एवं लघु केंद्र व डीपीएम के संयुक्त सहयोग से मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग औपचारीकरण योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह सदस्यों ने भाग लिया। सूक्ष्म एवं लघु केंद्र के औद्योगिक प्रसार अधिकारी करण सिंह ने बताया कि जागरूकता शिविर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं समूह आधारित उद्यमियों को स्वरोजगार एवं सूक्ष्म उद्योग स्थापना की सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने जागरूकता शिविर में पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत उपलब्ध अनुदान, प्रशिक्षण, ब्रांडिंग एवं विपणन सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### राजकीय कॉलेज बावल में सात दिवसीय एनएसएस कैंप शुरू

बावल। राजकीय कॉलेज बावल में मंगलवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। एनएसएस कैंप का उद्घाटन प्राचार्य डा. नमिता ने किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने छात्रों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें पूरा करने का आह्वान किया। एनएसएस बॉयज यूनिट की प्रभारी डा. नीतू सिंह ने कहा कि शिविर में छात्रों को नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में सिखाया जाएगा। उन्होंने छात्रों से इस अवसर का लाभ उठाने और अपने कौशल को विकसित करने का आग्रह किया। एनएसएस गर्ल्स यूनिट की प्रभारी डा. बबीता यादव ने कहा कि शिविर में छात्राएं सामाजिक सेवा के विभिन्न पहलुओं को सीखेंगी और अपने व्यक्तित्व को विकसित करेंगी। इस अवसर पर डा. जोगेंद्र सिंह, डा. इंद्रजीत सिंह, डा. किरण शर्मा, सावित्री देवी, सुदेश देवी, डा. रेखा यादव और देवेन्द्र कुमार सहित सभी कॉलेज स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### माजरा श्योराज में चला डीटीपी का बुलडोजर दो एकड़ की अवैध कॉलोनी जमींदोज



रेवाड़ी। डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी से धारूहेड़ा रोड पर गांव माजरा श्योराज में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने 5 डीपीपी, 2 चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि अनियमित कॉलोनियों में अवैध निर्माणों पर विभाग की कार्रवाई जारी रहेगी। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार बताया जा रहा है कि वं प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।

### जजपा ने तीनों विधानसभाओं में की महिला हलका अध्यक्षों की नियुक्ति

रेवाड़ी। जननायक जनता पार्टी की महिला सैल की जिला अध्यक्ष सुमन शर्मा ने संगठन की मजबूती के लिए जिले के तीनों हलकों की महिला हलका अध्यक्ष की घोषणा की है। सुमन शर्मा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। सुमन शर्मा ने कहा कि नैना चौटाला के मार्गदर्शन और प्रेरणा से प्रदेश भर में महिला संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है। नई नियुक्तियों से पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने और आने वाले चुनाव में महिला शक्ति निर्णायक भूमिका निभाएगी। जिला प्रवक्ता कमल मंगलेश्वर ने बताया कि रेवाड़ी से कमलेश देवी, बावल से सुमन देवी और कोसली से सुनील देवी को हलका अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है अपनी नियुक्ति पर तीनों हलका अध्यक्षों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला, नैना चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष रजनी मलिक, जिला अध्यक्ष विजय पंच व महिला जिला अध्यक्ष सुमन शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

# प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी पर हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोसली



कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में केमिस्ट्री विभाग की ओर से ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में लड़कियों और महिलाओं की भागीदारी तथा बाधाओं विषय पर चर्चा की गई। यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान कोटा की एसोसिएट प्रोफेसर डा. श्वेता व्यास ने कहा कि यह मुद्दा वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया जा रहा है। सामाजिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रह के कारण महिलाओं को अक्सर स्टेम क्षेत्रों में रुचि नहीं लेने के लिए असंतुलन का सामना करना पड़ता है। स्टेम क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भारत सरकार की पहल पर विज्ञान ज्योति कार्यक्रम शुरू किया गया। यह कार्यक्रम लड़कियों को स्टेम शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि महिला वैज्ञानिक योजना महिलाओं को शोध और विकास में शामिल करने के लिए एक ऐसी योजना है, जिसमें भारत सरकार की ओर से छात्राओं को स्कॉलरशिप और फेलोशिप दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि स्टेम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक पूर्वाग्रहों को दूर करने, रोल मॉडल प्रदान करने और कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। निदेशक डा. यशपाल शर्मा कहा कि महिलाओं और लड़कियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम छात्राओं को भविष्य में आने वाली बाधाओं को चुनौती के रूप स्वीकार करने की क्षमताओं के साथ ग्लोबल स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मार्ग दिखाता हैं।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग की ओर से विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच जागृत करने के लिए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विकास बत्रा के मार्गदर्शन में प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व डा. मंजू कुमारी ने किया। डा. विरेंद्र ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सबको एकजुट होकर जनकल्याण के लिए भागीदारी दिखानी होगी। सभी को सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए ताकि एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण हो सके।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डा. बलकार सिंह, डा. कमलेश नरवाणा, डा. विरेंद्र सिंह, डा. अविनाश आर्य, डा. रितु व कार्यालय सहायक हुकमचंद सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम

## पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्व. राजेश पायलट की 81वीं जयंती मनाई

# भाईचारे, एकता एवं सामाजिक समरसता को दिया बढ़ावा

- 81वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गुर्जर समाज की ओर से मंगलवार को किसान नेता एवं पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्व. राजेश पायलट की 81वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। समाज के लोगों ने राजेश पायलट चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम राजेश पायलट स्मृति संस्थान के उपाध्यक्ष एवं पूर्व डिप्टी कलेक्टर कैलाश चन्द्र सिराधना तथा गुर्जर समाज के जिला प्रधान चरण सिंह खटाना की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों व युवाओं ने स्व. राजेश पायलट को श्रद्धांजलि दी। जिला प्रधान खटाणा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि स्व. राजेश पायलट ने सदैव समाज में भाईचारे, एकता एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया।

उन्होंने अपने कार्यकाल में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से उठाकर उनके समाधान का प्रयास किया, जिसके कारण आज भी वे जनमानस के दिलों में बसे हुए हैं।

#### किसानों के लिए किया संघर्ष

इस मौके पर जिला प्रधान चरण सिंह खटाना ने कहा कि स्व. राजेश पायलट एक जुझारू, कर्मठ एवं दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव किसानों, मजदूरों, गरीब एवं वंचित वर्ग के अधिकारों की मजबूती से आवाज उठाई। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, किसानों की समस्याओं के समाधान तथा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. राजेश पायलट का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज और देश को आगे बढ़ाया जा सकता है।

#### ये रहे मौजूद

राजेश सरपंच, राजपाल सरपंच, धर्मबीर सरपंच, धरम सिंह सरपंच, कृष्ण तोंगड़, शीशराम सरपंच, सुंदर सूबेदार, लक्खी सरपंच, सुभाष छावड़ी जिला अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस, हनुमान छावड़ी मंडल अध्यक्ष, सुखबीर, संदीप, अमर सिंह, राहुल चेची, पूरण सूबेदार, पिंकी, सतपाल, हिमांशु सिराधना, डा. बिट्टू, टीटू पहलवान, प्रकाश व देवेन्द्र कुमार सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



रेवाड़ी। स्व. राजेश पायलट को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि


भारतीय जनता पार्टी, रेवाड़ी
आप जियो हजारों साल
साल के दिन हो पचास हजार
केन्द्रीय राज्यमंत्री
स्वतंत्र प्रभार, भारत सरकार
राव इन्द्रजीत सिंह
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
आरती सिंह राव
कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार
डॉ. कृष्ण कुमार
विधायक बावल
सरपंच नरेश यादव नरू
अध्यक्ष खोरी मंडल भाजपा
रविंद्र खोला
चेयरमैन प्रतिनिधि रेवाड़ी ब्लॉक
दिनेश यादव टीट
जिला भाजपा सचिव
धर्मवीर गबरू
सरपंच प्रतिनिधि बाम्बड़
प्रदीप ठेकेदार
महा-मंत्री नारायणपुर
सरपंच जयको
श्योराज माजरा
सरपंच हेमंत यादव
नंगली गोधा
सरपंच चेतन सिंह
अहरोद
सरपंच प्रतिनिधि सतबीर सेक्ट्री
सरपंच प्रतिनिधि खोरी
सचिन यादव
मंडल उपाध्यक्ष खोरी
मनोज गर्ग
कोषाध्यक्ष खोरी मंडल भाजपा
मोनू यादव
पीथड़ावास


माननीय
राव इन्द्रजीत सिंह
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनायें
आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और आयुष मंत्री हरियाणा सरकार
आप जियो हजारों साल
साल के दिन हो पचास हजार
रविन्द्र खोला, समाज सेवी (जाड़रा)
8397997000
ममता यादव पत्नी रविन्द्र खोला
चेयरपर्सन रेवाड़ी ब्लाक


राजा राव तुलाराम




राव बिरेन्द्र सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री
हरियाणा सरकार

माननीय
# राव इन्द्रजीत सिंह
केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



## राव इंद्रजीत सिंह : बेदाग छवि, बेबाक नेतृत्व

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत आज 75 साल के हो गए हैं। राजनीति के मैदान में जिस तरह से उन्होंने दक्षिणी हरियाणा की जनता का दिल जीतकर बड़ी मुकाम हासिल किया है, वह अपने आप में गौरवपूर्ण है। राजा वही होता है, जो प्रजा कि हितों की लड़ाई लड़ने में डर या संकोच से कोसों दूर रहे। राव इंद्रजीत सिंह ने जिस तरह से लंबे राजनीतिक जीवन में अपनी छवि को बेदाग बनाए रखा, वह दूसरे राजनेताओं के लिए आदर्श बन चुका है। उनके जन्मदिन पर हम सब मिलकर उनकी लंबी उम्र और सुखद जीवन यात्रा की कामना करते हैं।

\- अजय पटौदा, चेयरमैन, सहकारी बैंक

आप जियो हजारों साल
साल के दिन हो पचास हजार



## आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और आयुष मंत्री हरियाणा सरकार







## दीपक अग्रवाल, पाल्हावासिया
पार्षद रेवाड़ी, नगर परिषद
पूर्व सचिव अग्रवाल सभा, यूथ प्रेसिडेंट वैश्य समाज

## अजय पाटौदा
चेयरमैन, दी रेवाड़ी सेंट्रल
को-ऑपरेटिव बैंक, रेवाड़ी